NDTV मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़

Fake Cement Factory: मऊगंज में नकली सीमेंट फैक्ट्री का भंडाफोड़, ब्रांडेड कंपनियों का नाम किया जा रहा था इस्तेमाल

Mauganj News: अगर आप अपने घर का निर्माण करवा रहे हैं तो सतर्क हो जाइए! आपके घर में इस्तेमाल होने वाला सीमेंट नकली भी हो सकती है. मध्य प्रदेश (Madhya Pradesh) के मऊगंज (Mauganj) जिले में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में एक बड़े नकली सीमेंट फैक्ट्री (Cement Factory) का भंडाफोड़ हुआ है. यहां 70% डस्ट मिलाकर नामी कंपनियों के नाम से पैकिंग सीमेंट बेचा जा रहा था. सूत्रों की मानें, तो इस फैक्ट्री में बड़े पैमाने पर नकली सीमेंट तैयार कर विभिन्न बाजारों में सप्लाई किया जाता था. पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में सीमेंट बैग, मिलावट के उपकरण और कच्चा माल जब्त किया.

नकली सीमेंट बनाने वाली कंपनी को लेकर स्थानीय नागरिकों ने कहा कि उन्हें बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि जो सीमेंट खरीद रहे हैं, वो नकली हो सकता है. अब तो घर बनवाने से पहले पूरी जांच-पड़ताल करनी होगी. प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए. दूसरी तरफ, नईगढी पुलिस ने ओरिजनल सीमेंट में डस्ट का मिश्रण कर कालाबाजारी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया और साथ में भारी मात्रा में सीमेंट बरामद किया गया है.

Source: https://mpcg.ndtv.in/madhya-pradesh-news/fake-cement-factory-in-mauganj-names-of-branded-companies-were-being-used-big-action-7893879